Series : RPQS4

SET-2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/4/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **43** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

NOTE :

(I) Please check that this question paper contains **43** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

(iii) ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

(iv) ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन

(v) *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(vi) *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(vii) *प्रश्न संख्या **21** और **22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

(viii) *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

भाग क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (क) ₹ 25 प्रत्येक के 6,000 अंशों को ₹ 5 प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया गया। इन अंशों के पुनःनिर्गमन पर कम्पनी द्वारा दी जा सकने वाली बट्टे की अधिकतम राशि होगी : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 1,20,000 (D) ₹ 1,50,000

अथवा

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

(iii) ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

(iv) ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

Option I : Analysis of Financial Statements

Option II : Computerised Accounting

(v) *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are Multiple Choice Questions. Each question carries **1** mark.*

(vi) *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks.*

(vii) *Questions number **21** and **22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

(viii) *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

PART A

(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (a) 6,000 shares of ₹ 25 each were forfeited for non-payment of final call money of ₹ 5 per share. The maximum discount that the company can allow on reissue of these shares will be : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 1,20,000 (D) ₹ 1,50,000

OR

(ख) ₹ 20 प्रत्येक के 5,000 अंशों का ₹ 4 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया गया। इन अंशों के पुनःनिर्गमन के समय कम्पनी द्वारा एकत्रित की जाने वाली न्यूनतम राशि होगी : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 1,20,000

2. अनीता तथा प्रियल एक फर्म की साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को, उनके पूँजी खाते क्रमशः ₹ 3,00,000 तथा ₹ 4,00,000 का शेष दर्शा रहे थे। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म ने ₹ 28,000 का लाभ अर्जित किया।

अनीता तथा प्रियल को पूँजी पर दिया गया ब्याज था : *1*

(A) अनीता ₹ 24,000, प्रियल ₹ 32,000

(B) अनीता ₹ 16,000, प्रियल ₹ 12,000

(C) अनीता ₹ 12,000, प्रियल ₹ 16,000

(D) अनीता ₹ 16,800, प्रियल ₹ 11,200

3. *अभिकथन (A) :* ख्याति एक अमूर्त परिसम्पत्ति है।

कारण (R) : ख्याति किसी फर्म की लोकप्रियता का वह मूल्य है जो सामान्य लाभों की अपेक्षा भविष्य में अधिक लाभ अर्जित करने से सम्बन्धित है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(D) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(b) 5,000 shares of ₹ 20 each were forfeited for non-payment of second and final call of ₹ 4 per share. The minimum amount that the company must collect at the time of reissue of these shares will be : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 1,20,000

2. Anita and Priyal were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1st April, 2024, their capital accounts showed balances of ₹ 3,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. The partnership deed provided for interest on capital @ 8% p.a. The firm earned a profit of ₹ 28,000 for the year ended 31st March, 2025.

Interest on capital allowed to Anita and Priyal was : *1*

(A) Anita ₹ 24,000, Priyal ₹ 32,000

(B) Anita ₹ 16,000, Priyal ₹ 12,000

(C) Anita ₹ 12,000, Priyal ₹ 16,000

(D) Anita ₹ 16,800, Priyal ₹ 11,200

3. *Assertion (A) :* Goodwill is an intangible asset.

Reason (R) : Goodwill is the value of the reputation of a firm in respect of profits expected in future over and above the normal profits.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(D) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

4. अंकुर तथा अंगद एक फर्म के साझेदार थे तथा 8 : 7 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 जुलाई, 2024 को अंगद ने फर्म को ₹ 8,00,000 का एक ऋण दिया । कोई साझेदारी संलेख नहीं था । अंगद ने ऋण पर 10% वार्षिक दर से ब्याज की माँग की । 31 मार्च, 2025 को अंगद के ऋण पर देय ब्याज की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 48,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 60,000

5. (क) _____ ऋणपत्रों का संदर्भ उन ऋणपत्रों से है जहाँ पर भुगतान की अदायगी न कर पाने की स्थिति के उद्देश्य से कम्पनी की परिसम्पत्तियों पर एक प्रभार का सृजन किया जाता है । *1*

(A) अरक्षित (B) रक्षित

(C) परिवर्तनशील (D) पंजीकृत

अथवा

(ख) कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, प्रतिभूति प्रीमियम के रूप में प्राप्त राशि को उपयोग में ***नहीं*** लाया जा सकता है : *1*

(A) सदस्यों को पूर्ण भुगतान बोनस अंशों के निर्गमन के लिए

(B) कम्पनी के आरम्भिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए

(C) स्थायी परिसम्पत्तियों के क्रय के लिए

(D) स्वयं के अंशों का क्रय करने के लिए अर्थात् अंशों के पुन:क्रय के लिए

6. अयाचित पूँजी का वह एक भाग जिसे कम्पनी द्वारा केवल कम्पनी के समापन की स्थिति में माँगे जाने के लिए आरक्षित किया होता है, कहलाता है : *1*

(A) अभिदत्त परन्तु पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी

(B) अनिर्गमित पूँजी

(C) अभिदत्त पूँजी

(D) आरक्षित पूँजी

4. Ankur and Angad were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 8 : 7. On 1st July, 2024, Angad advanced a loan of ₹ 8,00,000 to the firm. There is no partnership deed. Angad demands interest on loan @ 10% p.a. On 31st March, 2025, the amount of interest on loan due to Angad will be : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 48,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 60,000

5. (a) _____ debentures refer to those debentures where a charge is created on the assets of the company for the purpose of payment in case of default. *1*

(A) Unsecured (B) Secured

(C) Convertible (D) Registered

OR

(b) As per the provisions of Companies Act, 2013, the amount received as Securities Premium cannot be utilised to : *1*

(A) Issue fully paid bonus shares to the members

(B) Write off preliminary expenses of the company

(C) Purchase fixed assets

(D) Purchase its own shares, i.e. buyback of shares

6. A portion of the uncalled capital reserved by a company to be called only in the event of winding up of the company is called : *1*

(A) Subscribed but not fully paid capital

(B) Unissued capital

(C) Subscribed capital

(D) Reserve capital

7. दिनेश, सिद्धार्थ तथा नैना एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय लिया। इस तिथि को, फर्म के देनदार ₹ 2,10,000 थे तथा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान ₹ 20,000 था। विघटन पर ₹ 10,000 के देनदार डूब गए तथा शेष देनदारों से 90% प्राप्त हुआ। देनदारों से वसूली गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 1,71,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 1,89,000

8. आशा, मनन तथा नियती एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, वे लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटने के लिए सहमत हुए। लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के परिणामस्वरूप आशा का अभिलाभ अथवा त्याग होगा : *1*

(A) त्याग $\frac{1}{6}$ (B) अभिलाभ $\frac{1}{6}$

(C) त्याग $\frac{1}{12}$ (D) अभिलाभ $\frac{1}{12}$

9. पी, क्यू तथा आर एक फर्म के साझेदार थे तथा 6 : 5 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{8}$ भाग के लिए एस को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। यह सहमति हुई कि क्यू अपना मूल भाग बनाए रखेगा। पी तथा आर का त्याग अनुपात होगा : *1*

(A) 6 : 5 (B) 4 : 5

(C) 3 : 2 (D) 5 : 4

10. रवि, सुनील तथा अमित एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 को रवि सेवानिवृत्त हो गया। सुनील तथा अमित ने भविष्य में लाभों को 2 : 3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। सामान्य संचय, ख्याति तथा पुनर्मूल्यांकन, आदि के संबंध में सभी समायोजन करने के पश्चात् रवि, सुनील तथा अमित के पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 3,00,000; ₹ 2,40,000 तथा ₹ 3,60,000 के शेष थे। यह निर्णय लिया गया कि रवि को देय राशि सुनील तथा अमित इस प्रकार लाएँगे कि उनकी पूँजी उनके नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए। सुनील तथा अमित द्वारा लाई गई राशि होगी : *1*

(A) सुनील ₹ 1,00,000, अमित ₹ 2,00,000

(B) सुनील ₹ 1,20,000, अमित ₹ 1,80,000

(C) सुनील ₹ 1,50,000, अमित ₹ 1,50,000

(D) सुनील ₹ 80,000, अमित ₹ 2,20,000

7. Dinesh, Siddharth and Naina were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2025, they decided to dissolve the firm. On this date, the firm had debtors amounting to ₹ 2,10,000 and provision for doubtful debts of ₹ 20,000. On dissolution, debtors of ₹ 10,000 proved bad and the remaining debtors realised 90%. Amount realised from debtors will be : *1*

(A) ₹ 1,71,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 1,80,000 (D) ₹ 1,89,000

8. Asha, Manan and Niyati were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. With effect from 1st April, 2025, they agreed to share profits and losses equally. Due to change in the profit sharing ratio, Asha's gain or sacrifice will be : *1*

(A) Sacrifice $\frac{1}{6}$ (B) Gain $\frac{1}{6}$

(C) Sacrifice $\frac{1}{12}$ (D) Gain $\frac{1}{12}$

9. P, Q and R were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 6 : 5 : 4. They admitted S as a new partner for $\frac{1}{8}^{\text{th}}$ share in the profits of the firm. It was agreed that Q would retain his original share. The sacrificing ratio of P and R will be : *1*

(A) 6 : 5 (B) 4 : 5

(C) 3 : 2 (D) 5 : 4

10. Ravi, Sunil and Amit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 5. On 1st April, 2025, Ravi retired. Sunil and Amit decided to share future profits in the ratio of 2 : 3. After all adjustments with respect to general reserve, goodwill and revaluation, etc., the balances in the capital accounts of Ravi, Sunil and Amit stood at ₹ 3,00,000; ₹ 2,40,000 and ₹ 3,60,000 respectively. It was decided that the amount payable to Ravi will be brought by Sunil and Amit in such a way so as to make their capitals proportionate to their new profit sharing ratio. The amount brought in by Sunil and Amit will be : *1*

(A) Sunil ₹ 1,00,000, Amit ₹ 2,00,000

(B) Sunil ₹ 1,20,000, Amit ₹ 1,80,000

(C) Sunil ₹ 1,50,000, Amit ₹ 1,50,000

(D) Sunil ₹ 80,000, Amit ₹ 2,20,000

11. पिछले कुछ वर्षों में एक व्यवसाय ने ₹ 2,00,000 का औसत लाभ अर्जित किया। व्यवसाय की शुद्ध परिसम्पत्तियों का मूल्य ₹ 17,00,000 है तथा समान व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है। अधिलाभ की पूँजीकरण विधि द्वारा व्यवसाय की ख्याति का मूल्य होगा : *1*

(A) ₹ 17,00,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 3,00,000 (D) ₹ 30,000

12. मानस लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 60,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 8% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर करना था। मानस लिमिटेड की पुस्तकों में 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाता' कितनी राशि से डेबिट किया जाएगा ? *1*

(A) ₹ 4,80,000 (B) ₹ 6,00,000

(C) ₹ 7,80,000 (D) ₹ 3,00,000

13. (क) रीना तथा टीना एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में टीना ने प्रत्येक माह के आरम्भ में ₹ 20,000 का आहरण किया। आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाना था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए टीना के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 7,800 (B) ₹ 7,200

(C) ₹ 9,600 (D) ₹ 6,600

अथवा

(ख) रोहन तथा सोहन एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में रोहन ने प्रत्येक तिमाही के शुरू में ₹ 15,000 का आहरण किया। रोहन के आहरण पर कितनी औसत अवधि के लिए ब्याज की गणना की जाएगी ? *1*

(A) 6 माह (B) $4\frac{1}{2}$ माह

(C) $7\frac{1}{2}$ माह (D) $6\frac{1}{2}$ माह

11. A business earned an average profit of ₹ 2,00,000 during the last few years. The value of net assets of the business is ₹ 17,00,000 and the normal rate of return in a similar business is 10%. The value of goodwill of the business by capitalisation of super-profits method will be : *1*

(A) ₹ 17,00,000 (B) ₹ 2,00,000

(C) ₹ 3,00,000 (D) ₹ 30,000

12. Manas Ltd. issued 60,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 8%, redeemable at a premium of 5%. 'Loss on Issue of Debentures Account' will be debited in the books of Manas Ltd. by : *1*

(A) ₹ 4,80,000 (B) ₹ 6,00,000

(C) ₹ 7,80,000 (D) ₹ 3,00,000

13. (a) Reena and Teena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Teena withdrew ₹ 20,000 at the beginning of each month during the year ended 31st March, 2025. Interest on drawings was to be charged @ 6% per annum. Interest on Teena's drawings for the year ended 31st March, 2025 will be : *1*

(A) ₹ 7,800 (B) ₹ 7,200

(C) ₹ 9,600 (D) ₹ 6,600

OR

(b) Rohan and Sohan were partners in a firm sharing profits and losses equally. Rohan withdrew ₹ 15,000 at the beginning of each quarter during the year ended 31st March, 2025. Interest on Rohan's drawings will be calculated for an average period of : *1*

(A) 6 months (B) $4\frac{1}{2}$ months

(C) $7\frac{1}{2}$ months (D) $6\frac{1}{2}$ months

14. दिशा लिमिटेड ने गुप्ता लिमिटेड से ₹ 2,85,000 का फर्नीचर खरीदा । क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 7% ऋणपत्रों को 5% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया । दिशा लिमिटेड द्वारा निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी : *1*

(A) 2,850 (B) 3,000

(C) 57,000 (D) 5,000

15. (क) रवि, सोहन तथा नीना एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2025 को सोहन सेवानिवृत्त हो गया तथा उसका भाग रवि तथा नीना ने 2 : 1 के अनुपात में ले लिया । रवि तथा नीना के मध्य नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 5 : 4 (D) 7 : 3

अथवा

(ख) कुनाल, राज तथा लीला एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2025 को कुनाल सेवानिवृत्त हो गया । राज तथा लीला ने भविष्य के लाभों को 5 : 3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । राज तथा लीला के मध्य अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 5 : 3 (B) 3 : 2

(C) 21 : 11 (D) 7 : 5

16. (क) रोहन तथा मीता एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थीं । उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए कबीर को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । कबीर अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,50,000 लाया । फर्म की ख्याति में कबीर का भाग था : *1*

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 2,50,000

अथवा

14. Disha Ltd. purchased furniture worth ₹ 2,85,000 from Gupta Ltd. The purchase consideration was paid by issue of 7% Debentures of ₹ 100 each at 5% discount . The number of debentures issued by Disha Ltd. was : *1*

(A) 2,850 (B) 3,000

(C) 57,000 (D) 5,000

15. (a) Ravi, Sohan and Neena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 1st April 2025, Sohan retired and his share was taken up by Ravi and Neena in the ratio of 2 : 1. The new profit sharing ratio between Ravi and Neena will be : *1*

(A) 3 : 2 (B) 2 : 1

(C) 5 : 4 (D) 7 : 3

OR

(b) Kunal, Raj and Leela were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. On 1st April, 2025, Kunal retired. Raj and Leela decided to share profits in the future in the ratio of 5 : 3. The gaining ratio between Raj and Leela will be : *1*

(A) 5 : 3 (B) 3 : 2

(C) 21 : 11 (D) 7 : 5

16. (a) Rohan and Meeta were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4. Their capitals were ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. They admitted Kabir as a new partner for $\frac{1}{5}^{th}$ share in the profits of the firm. Kabir brought ₹ 1,50,000 as his capital. Kabir's share in the goodwill of the firm was : *1*

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 2,50,000

OR

(ख) रवि, निशा तथा प्रिया एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। रवि सेवानिवृत्त हो गया तथा संचय एवं परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में आवश्यक समायोजनों को करने के पश्चात् उसके पूँजी खाते में ₹ 2,40,000 का शेष था। निशा तथा प्रिया उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 2,70,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गए। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 1,20,000

17. रोज़ी, गोलू तथा सोनू एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते थे। 31 मार्च, 2023 को सोनू सेवानिवृत्त हो गया। सेवानिवृत्ति की तिथि को, उसे ₹ 2,00,000 देय थे। 31 मार्च, 2024 से शुरू करके रोज़ी तथा गोलू, सोनू को दो बराबर वार्षिक किश्तों में अदत्त शेष राशि पर 10% वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान करने पर सहमत हुए। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है।

पूर्ण भुगतान किए जाने तक सोनू का ऋण खाता तैयार कीजिए। *3*

18. (क) सेंचुरी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 5,000 अंश जिन्हें 40% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, का ₹ 35 प्रति अंश की आबंटन राशि तथा ₹ 50 प्रति अंश (₹ 25 प्रीमियम सहित) की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 40 प्रति अंश (₹ 15 प्रीमियम सहित) की दूसरी तथा अन्तिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी। इनमें से, 3,000 अंशों को ₹ 90 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया।

सेंचुरी लिमिटेड की पुस्तकों में अंशों के हरण तथा हरण किए गए अंशों के पुनःनिर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

अथवा

(ख) आलमंड लिमिटेड ने कैशू लिमिटेड का एक चालू व्यवसाय ₹ 1,00,00,000 के क्रय प्रतिफल में खरीदा जिसमें ₹ 85,00,000 की भूमि तथा भवन, ₹ 50,00,000 की मशीनरी तथा ₹ 10,00,000 की विविध देयताएँ सम्मिलित थीं। ₹ 10,00,000 का भुगतान चैक द्वारा तथा शेष राशि का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया।

आलमंड लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

(b) Ravi, Nisha and Priya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. Ravi retired and the balance in his Capital Account after making necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and re-assessment of liabilities was ₹ 2,40,000. Nisha and Priya agreed to pay him ₹ 2,70,000 in full settlement of his claim. The value of goodwill of the firm was : *1*

(A) ₹ 30,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 1,20,000

17. Rosy, Golu and Sonu were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 31st March, 2023, Sonu retired. On the date of retirement, ₹ 2,00,000 became due to her. Rosy and Golu agreed to pay Sonu in two equal annual instalments plus interest @ 10% p.a. on the unpaid balance starting from 31st March, 2024. The firm closes its books on 31st March every year.

Prepare Sonu's Loan Account till it is fully paid. *3*

18. (a) Century Ltd. forfeited 5,000 shares of ₹ 100 each issued at 40% premium for non-payment of allotment money of ₹ 35 per share and first call of ₹ 50 per share (including premium ₹ 25). The second and final call of ₹ 40 per share (including premium ₹ 15) has not yet been called. Out of these, 3,000 shares were reissued as fully paid-up for ₹ 90 per share.

Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of forfeited shares in the books of Century Ltd. *3*

OR

(b) Almond Ltd. purchased a running business of Cashew Ltd. comprising of land and building ₹ 85,00,000, machinery ₹ 50,00,000 and sundry liabilities ₹ 10,00,000 for a purchase consideration of ₹ 1,00,00,000. Payment of ₹ 10,00,000 was made through a cheque and the remaining amount by issue of 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Almond Ltd. *3*

19. चैतन्य तथा दिव्या एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2025 से, उन्होंने भविष्य में लाभ-हानि 2 : 3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। इस तिथि को, उनका स्थिति विवरण लाभ-हानि खाते में ₹ 1,80,000 का डेबिट शेष तथा सामान्य संचय में ₹ 90,000 का शेष दर्शा रहा था। साझेदारों ने सामान्य संचय को बाँटने का निर्णय लिया, परन्तु लाभ-हानि खाते को प्रभावित न करने का निर्णय लिया, जो पुनर्गठित साझेदारी फर्म की पुस्तकों में चालू रहेगा।

फर्म के पुनर्गठन पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। अपना कार्य स्पष्ट रूप से दर्शाइए। *3*

20. (क) 1 अक्टूबर, 2024 को रोहित, आशीष तथा समीर ने क्रमशः ₹ 12,00,000; ₹ 6,00,000 तथा ₹ 6,00,000 की पूँजी के साथ एक साझेदारी में प्रवेश किया। उन्होंने लाभ-हानि 3 : 1 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार साझेदार पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज के हकदार थे।

समीर को गारंटी दी गई थी कि पूँजी पर ब्याज प्रभारित करने के पश्चात् लाभ में उसका भाग प्रति वर्ष ₹ 1,50,000 से कम नहीं होगा। इस कारण हुई किसी भी कमी को रोहित द्वारा वहन किया जाएगा। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ की राशि ₹ 5,60,000 थी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए। *3*

अथवा

(ख) तारा, देव तथा ईशान एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। साझेदारी संलेख में आहरण पर 10% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित करने का प्रावधान था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष में तारा, देव तथा ईशान के आहरण क्रमशः ₹ 30,000; ₹ 18,000 तथा ₹ 12,000 थे। अन्तिम खाते तैयार करने के पश्चात्, यह ज्ञात हुआ कि आहरणों पर ब्याज को ध्यान में नहीं रखा गया। चूक के सुधार के लिए आवश्यक समायोजन रोज़नामचा प्रविष्टि दीजिए। अपना कार्य स्पष्ट रूप से दर्शाइए। *3*

19. Chaitanya and Divya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. From 1st April 2025, they decided to share future profits and losses in the ratio of 2 : 3. On this date, their balance sheet showed a debit balance of ₹ 1,80,000 in the Profit and Loss Account and a balance of ₹ 90,000 in General Reserve. The partners decided to distribute the General Reserve, but decided not to disturb the Profit and Loss Account, which will continue in the books of the reconstituted firm. Pass necessary journal entries for the above transactions on the reconstitution of the firm. Show your workings clearly. *3*

20. (a) Rohit, Ashish and Sameer entered into a partnership on 1st October, 2024 with capitals of ₹ 12,00,000; ₹ 6,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively. They decided to share the profits and losses in the ratio of 3 : 1 : 1. Partners were entitled to interest on capital @ 5% per annum as per the provisions of the partnership deed.

Sameer was given a guarantee that his share of profit, after charging interest on capital, will not be less than ₹ 1,50,000 per annum. Any deficiency arising on that account shall be met by Rohit. The profit for the year ended 31st March, 2025 amounted to ₹ 5,60,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2025. *3*

OR

(b) Tara, Dev and Ishaan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. The partnership deed provided for charging interest on drawings @ 10% p.a. The drawings of Tara, Dev and Ishaan during the year ending 31st March, 2025 amounted to ₹ 30,000; ₹ 18,000 and ₹ 12,000 respectively. After the final accounts were prepared, it was discovered that interest on drawings was not taken into consideration. Give necessary adjusting journal entry to correct the omission. Show your workings clearly. *3*

21. 1 अप्रैल, 2024 को दीनदयाल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 80,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 9% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 6 वर्ष पश्चात् सममूल्य पर करना था। कम्पनी अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है।

31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए दीनदयाल लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन, ऋणपत्रों पर ब्याज के भुगतान तथा ब्याज को अपलिखित करने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *4*

22. अनमोल, कपीश तथा मीरा एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 1 जुलाई, 2025 को कपीश की मृत्यु हो गई। उस तिथि को उसका पूँजी खाता ₹ 2,50,000 का क्रेडिट शेष दर्शा रहा था तथा उसने व्यक्तिगत उपयोग के लिए आज की तिथि तक ₹ 20,000 का आहरण किया था। कपीश की मृत्यु की तिथि को, फर्म के पास ₹ 90,000 का सामान्य संचय था। साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि एक साझेदार की मृत्यु पर उसके निष्पादक निम्नलिखित के हकदार होंगे :

(i) उसके पूँजी खाते में शेष तथा उस पर 12% वार्षिक दर से ब्याज।

(ii) फर्म की ख्याति में उसका भाग। कपीश की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,40,000 किया गया।

(iii) फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 6,00,000 था।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए कपीश का पूँजी खाता तैयार कीजिए। *4*

21. On 1st April, 2024, Deendayal Ltd. issued 80,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 9%, redeemable at par after 6 years. The company closes its books on 31st March every year.

Pass necessary journal entries in the books of Deendayal Ltd. for issue of debentures, payment of interest on debentures and writing off interest for the year ended 31st March, 2025. *4*

22. Anmol, Kapeesh and Meera were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. The firm closes its books on 31st March every year. On 1st July, 2025, Kapeesh died. On that date his capital account showed a credit balance of ₹ 2,50,000 and he had withdrawn ₹ 20,000 till that date for personal use. On the date of Kapeesh's death, the firm had a General Reserve of ₹ 90,000. The partnership deed provided that on the death of a partner, his executors will be entitled to the following :

(i) Balance in the capital account and interest on the same @ 12% p.a.

(ii) His share in the goodwill of the firm. The goodwill of the firm on Kapeesh's death was valued at ₹ 1,40,000.

(iii) His share in the profits of the firm was to be calculated on the basis of previous year's profit. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2025 was ₹ 6,00,000.

Prepare Kapeesh's Capital Account to be presented to his executors. *4*

23. (क) अर्जुन तथा काव्या एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2025 को अर्जुन तथा काव्या का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
पूँजी :			भवन		6,00,000
अर्जुन	4,80,000		निवेश		2,80,000
काव्या	5,20,000	10,00,000	स्टॉक		3,76,000
निवेश उतार-चढ़ाव कोष (संचय)		1,00,000	देनदार	1,60,000	
लेनदार		4,00,000	घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	7,000	1,53,000
			नगद		91,000
		15,00,000			15,00,000

1 अप्रैल, 2025 को निम्नलिखित शर्तों पर राघव को लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया गया :

(i) राघव अपनी पूँजी के रूप में ₹ 5,00,000 लाएगा।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,00,000 किया गया। राघव ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद में नहीं ला सका।

(iii) संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 10% का प्रावधान करना था।

(iv) निवेशों का मूल्यांकन ₹ 2,00,000 किया गया तथा भवन को ₹ 5,00,000 तक नीचे लाया गया।

(v) अर्जुन तथा काव्या की पूँजी का समायोजन व्यवसाय में राघव की पूँजी के आधार पर किया जाना था। स्थिति अनुसार आवश्यक वास्तविक नगद पुराने साझेदारों को भुगतान किया जाना था अथवा उनके द्वारा लाया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

अथवा

23. (a) Arjun and Kavya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Arjun and Kavya as at 31st March, 2025

Liabilities	Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Capitals :		Building	6,00,000
Arjun 4,80,000		Investments	2,80,000
Kavya 5,20,000	10,00,000	Stock	3,76,000
		Debtors 1,60,000	
Investment Fluctuation Reserve	1,00,000	Less : Provision for doubtful debts 7,000	1,53,000
Creditors	4,00,000	Cash	91,000
	15,00,000		15,00,000

On 1st April, 2025, Raghav was admitted as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm on the following terms :

(i) Raghav shall bring ₹ 5,00,000 as his capital.

(ii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 4,00,000. Raghav was unable to bring his share of goodwill premium in cash.

(iii) Provision for doubtful debts was to be created @ 10% on debtors.

(iv) Investments were valued at ₹ 2,00,000 and building was to be brought down to ₹ 5,00,000.

(v) Capitals of Arjun and Kavya were to be adjusted on the basis of Raghav's capital in the business. Actual cash was to be paid off or brought in by the old partners as the case may be.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

OR

(ख) आरव, कुनाल तथा मानव एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे। 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2025 को आरव, कुनाल तथा मानव का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
विविध लेनदार		70,000	नगद		2,30,000
कामगार क्षतिपूर्ति कोष (संचय)		1,00,000	देनदार	90,000	
पूँजी :			घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	10,000	80,000
आरव	3,00,000				
कुनाल	2,50,000		स्टॉक		1,60,000
मानव	1,50,000	7,00,000	मशीनरी		2,50,000
			भवन		1,50,000
		8,70,000			8,70,000

उपर्युक्त तिथि को आरव सेवानिवृत्त हो गया तथा इस पर सहमति हुई कि :

(i) कुनाल तथा मानव भविष्य के लाभों को 1 : 4 के अनुपात में बाँटेंगे।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया जाएगा तथा सेवानिवृत्त साझेदार के भाग का समायोजन शेष साझेदारों के पूँजी खातों के माध्यम से किया जाएगा।

(iii) ₹ 20,000 के एक अलिखित लेनदार का लेखा किया जाएगा।

(iv) ₹ 15,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा।

(v) कामगार क्षतिपूर्ति के खाते पर देयता ₹ 40,000 थी।

(vi) आरव को देय राशि का हस्तांतरण उसके ऋण खाते में कर दिया गया।

आरव की सेवानिवृत्ति पर फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

(b) Aarav, Kunal and Manav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Aarav, Kunal and Manav as at 31st March, 2025

Liabilities	Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Sundry Creditors	70,000	Cash		2,30,000
Workmen Compensation Reserve	1,00,000	Debtors	90,000	
		Less : Provision for doubtful debts	10,000	80,000
		Stock		1,60,000
Capitals :		Machinery		2,50,000
Aarav 3,00,000		Building		1,50,000
Kunal 2,50,000				
Manav 1,50,000	7,00,000			
	8,70,000			8,70,000

Aarav retired on the above date and it was agreed that :

(i) Kunal and Manav will share future profits in the ratio of 1 : 4.

(ii) Goodwill of the firm be valued at ₹ 6,00,000 and the retiring partner's share would be adjusted through the capital accounts of the remaining partners.

(iii) An unrecorded creditor of ₹ 20,000 was to be taken into account.

(iv) Debtors of ₹ 15,000 were to be written off as bad debts.

(v) Liability on account of workmen compensation amounted to ₹ 40,000.

(vi) Amount payable to Aarav was transferred to his loan account.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on Aarav's retirement. *6*

24. (क) आस्था लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए। प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर ₹ 2; आबंटन पर ₹ 3; प्रथम याचना पर ₹ 3 तथा दूसरी एवं अन्तिम याचना पर ₹ 2 ।

1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 30,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । 1,20,000 अंशों के आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया। सार्थक को छोड़कर, जिसे 2,000 अंशों का आबंटन किया गया था, सभी अंशधारकों ने आबंटन राशि का भुगतान कर दिया। इन अंशों का हरण कर लिया गया। इसके पश्चात् प्रथम याचना माँगी गई तथा यथावत प्राप्त हो गई। दूसरी तथा अन्तिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी।

आस्था लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। जहाँ आवश्यक हो अदत्त याचना खाता खोलिए। *6*

अथवा

(ख) ओरिऍन इन्टरप्राइज़ेज लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों को ₹ 1 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 4 प्रति अंश (₹ 1 प्रति अंश प्रीमियम सहित)

आबंटन पर – ₹ 6 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

2,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। आबंटन निम्न प्रकार से किया गया :

श्रेणी A : 1,20,000 अंशों के आवेदकों को 60,000 अंशों का आबंटन किया गया।

श्रेणी B : 80,000 अंशों के आवेदकों को 10,000 अंशों का आबंटन किया गया।

आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन केवल आबंटन पर देय राशि में किया गया। श्रेणी A से मीता, जिसे 500 अंशों का आबंटन किया गया था, आबंटन राशि तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान करने में असफल रही और श्रेणी B से जपना, जिसने 1,600 अंशों के लिए आवेदन किया था, प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए ओरिऍन इन्टरप्राइज़ेज लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

24. (a) Astha Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The amount per share was payable as follows :

₹ 2 on application; ₹ 3 on allotment; ₹ 3 on first call and ₹ 2 on second and final call.

Applications were received for 1,50,000 shares. Applications for 30,000 shares were rejected and application money refunded. The shares were allotted on pro-rata basis to the applicants of 1,20,000 shares. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on allotment. All shareholders paid the allotment money except Sarthak, who was allotted 2,000 shares. These shares were forfeited. The first call was made thereafter and duly received. The second and final call was not yet made.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Astha Ltd. Open Calls-in-Arrears Account, wherever required. *6*

OR

(b) Orion Enterprises Ltd. invited applications for issue of 70,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 1 per share. The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 4 per share (including premium ₹ 1 per share)

On Allotment – ₹ 6 per share

On First and final call – Balance

Applications were received for 2,00,000 shares. Allotment was made as under :

Category A : Applicants for 1,20,000 shares were allotted 60,000 shares.

Category B : Applicants for 80,000 shares were allotted 10,000 shares.

Excess money received with applications was adjusted towards sums due on allotment only. Meeta, from category A, who was allotted 500 shares, failed to pay allotment money and first and final call and Japna, from category B, who had applied for 1,600 shares, failed to pay the first and final call money.

Pass necessary journal entries in the books of Orion Enterprises Ltd. for the above transactions. *6*

25. ब्राइट मोटर्स लिमिटेड ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त ₹ 10,00,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी। कम्पनी ने जनता के अभिदान के लिए 3,00,000 अंश निर्गमित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 50 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष

सभी अंश पूर्ण अभिदत्त थे। सभी राशियाँ यथावत प्राप्त हो गईं, केवल रमन को छोड़कर, जो 500 अंशों का धारक था, तथा जो प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) अंशों की वह कुल संख्या जिसमें कम्पनी की अधिकृत अंश पूँजी विभक्त है, है : *1*

(A) 10,00,00,000 (B) 1,00,00,000

(C) 10,00,000 (D) 3,00,000

(ii) ब्राइट मोटर्स लिमिटेड की 'अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त पूँजी' की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,99,50,000 (B) ₹ 3,00,00,000

(C) ₹ 10,00,00,000 (D) ₹ 2,99,90,000

(iii) ब्राइट मोटर्स लिमिटेड की 'अभिदत्त परन्तु पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 2,99,90,000 (B) ₹ 2,99,50,000

(C) ₹ 3,00,00,000 (D) ₹ 40,000

(iv) ब्राइट मोटर्स लिमिटेड के स्थिति विवरण में प्रस्तुत की जाने वाली 'अंश पूँजी' की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 3,00,00,000 (B) ₹ 2,99,50,000

(C) ₹ 2,99,90,000 (D) ₹ 10,00,00,000

25. Bright Motors Ltd. was registered with an authorised capital of ₹ 10,00,00,000 divided into equity shares of ₹ 100 each. The company issued 3,00,000 shares to the public for subscription. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 30 per share

On allotment – ₹ 50 per share

On first and final call – balance

All the shares were fully subscribed. All amounts were duly received except from Raman, a holder of 500 shares, who failed to pay the first and final call.

Answer the following questions :

(i) Total number of shares into which the authorised share capital of the company is divided, is : *1*

(A) 10,00,00,000 (B) 1,00,00,000

(C) 10,00,000 (D) 3,00,000

(ii) Amount of 'Subscribed and fully paid-up capital' of Bright Motors Ltd. will be : *1*

(A) ₹ 2,99,50,000 (B) ₹ 3,00,00,000

(C) ₹ 10,00,00,000 (D) ₹ 2,99,90,000

(iii) Amount of 'Subscribed but not fully paid-up capital' of Bright Motors Ltd. will be : *1*

(A) ₹ 2,99,90,000 (B) ₹ 2,99,50,000

(C) ₹ 3,00,00,000 (D) ₹ 40,000

(iv) Amount of 'Share Capital' to be presented in the Balance Sheet of Bright Motors Ltd. will be : *1*

(A) ₹ 3,00,00,000 (B) ₹ 2,99,50,000

(C) ₹ 2,99,90,000 (D) ₹ 10,00,00,000

(v) यदि भुगतान न करने वाले 500 अंशों का हरण कर लिया जाए, तब 'खातों के नोट्स' में 'अंश हरण खाता' दर्शाया जाएगा : *1*

(A) ₹ 10,000 पर (B) ₹ 40,000 पर

(C) ₹ 50,000 पर (D) ₹ 5,000 पर

(vi) यदि हरण किए गए सभी अंशों को ₹ 90 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया जाए, तब पूँजी संचय खाते में क्रेडिट की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 35,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 50,000

26. साकेत तथा सुवेनी एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2025 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2025 को साकेत तथा सुवेनी का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ	राशि (₹)
पूँजी :			मशीनरी	15,00,000
साकेत	12,00,000		निवेश	8,00,000
सुवेनी	8,00,000	20,00,000	देनदार	10,00,000
			स्टॉक	4,00,000
बैंक अधिविकर्ष		8,00,000	रोकड़ हस्ते	3,00,000
लेनदार		12,00,000		
		40,00,000		40,00,000

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया तथा निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) 40% लेनदारों को उनकी देय राशि के पूर्ण निपटान के लिए स्टॉक दिया गया । शेष लेनदारों का निपटान 20% बट्टे पर किया गया ।

(ii) सुवेनी ने ₹ 12,00,000 पर निवेश ले लिए ।

(iii) देनदारों से ₹ 8,00,000 वसूल हुए ।

(iv) मशीनरी की 10% बट्टे पर वसूली हुई ।

(v) ₹ 20,000 के पारिश्रमिक पर सुवेनी वसूली व्ययों को वहन करने पर सहमत हो गई ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । *6*

(v) If the defaulting 500 shares are forfeited, 'Share Forfeiture Account' will be shown in the 'Notes to Accounts' at : *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 50,000 (D) ₹ 5,000

(vi) If all the forfeited shares are reissued @ ₹ 90 per share fully paid-up, the amount credited to Capital Reserve Account will be : *1*

(A) ₹ 35,000 (B) ₹ 40,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 50,000

26. Saket and Suveni were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2025 was as follows :

Balance Sheet of Saket and Suveni as at 31st March, 2025

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Capitals :			Machinery	15,00,000
Saket	12,00,000		Investments	8,00,000
Suveni	8,00,000	20,00,000	Debtors	10,00,000
			Stock	4,00,000
Bank Overdraft		8,00,000	Cash in hand	3,00,000
Creditors		12,00,000		
		40,00,000		40,00,000

The firm was dissolved on the above date and the following transactions took place :

(i) 40% of the creditors were given stock in full settlement of their dues. Remaining creditors were settled at 20% discount.

(ii) Investments were taken over by Suveni at ₹ 12,00,000.

(iii) Debtors realised ₹ 8,00,000.

(iv) Machinery was realised at 10% discount.

(v) Suveni agreed to bear the realisation expenses for a remuneration of ₹ 20,000.

Prepare Realisation Account. *6*

भाग ख

विकल्प I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27. (क) निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ? *1*

I. एक निम्न चालू अनुपात व्यवसाय के लिए संकट की स्थिति है तथा इसे जोखिम झेलने जैसी स्थिति में पहुँचाता है, जहाँ यह समय पर अपने लघुकालीन ऋणों का भुगतान करने में सक्षम नहीं होगा।

II. व्यापारिक देय आवर्त अनुपात शुद्ध उधार विक्रय तथा औसत व्यापारिक देयों के मध्य संबंध का वर्णन करता है।

III. प्रचालन लाभ अनुपात जमा सकल लाभ अनुपात = 100.

IV. इंवेन्ट्री (स्टॉक) आवर्त अनुपात यह निर्धारित करता है कि विचाराधीन लेखा अवधि के दौरान इंवेन्ट्री (स्टॉक) कितनी बार प्रचालन से आगम में परिवर्तित होती है।

विकल्प :

(A) I तथा II (B) II तथा III

(C) III तथा IV (D) I तथा IV

अथवा

(ख) वे अनुपात जिनकी गणना संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर आधारित व्यवसाय के प्रचालनों की कुशलता को मापने के लिए की जाती है, कहलाते हैं : *1*

(A) आवर्त अनुपात

(B) लाभप्रदता अनुपात

(C) ऋणशोधन क्षमता अनुपात

(D) तरलता/द्रवता अनुपात

28. एक कम्पनी का ऋण-समता अनुपात 2 : 1 है। निम्नलिखित में से कौन-से लेनदेन से ऋण-समता अनुपात में वृद्धि होगी ? *1*

(A) ₹ 2,00,000 के अंशों का निर्गमन

(B) ₹ 5,00,000 के 8% ऋणपत्रों का निर्गमन

(C) ₹ 4,00,000 के बोनस अंशों का निर्गमन

(D) लेनदारों को ₹ 1,00,000 का भुगतान

PART B
Option I
(Analysis of Financial Statements)

27. (a) Which of the following statements are correct ? *1*

I. A low current ratio endangers the business and puts it at risk of facing a situation, where it will not be able to pay its short-term debts on time.

II. Trade payables turnover ratio expresses the relationship between net credit sales and average trade payables.

III. Operating profit ratio plus Gross profit ratio = 100.

IV. Inventory turnover ratio determines the number of times inventory is converted into revenue from operations during the accounting period under consideration.

Options :

(A) I and II (B) II and III

(C) III and IV (D) I and IV

OR

(b) Ratios that are calculated for measuring the efficiency of operations of business based on effective utilisation of resources are called : *1*

(A) Turnover ratios

(B) Profitability ratios

(C) Solvency ratios

(D) Liquidity ratios

28. The Debt-Equity Ratio of a company is 2 : 1. Which of the following transactions will increase the Debt-Equity Ratio ? *1*

(A) Issue of Shares ₹ 2,00,000

(B) Issue of 8% Debentures ₹ 5,00,000

(C) Issue of Bonus shares ₹ 4,00,000

(D) Payment to Creditors ₹ 1,00,000

29. (क) 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक्सवाईजैड लिमिटेड के नगद प्रवाह के विषय में निम्नलिखित सूचना प्राप्त की गई :

प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ अन्तर्वाह ₹ 28,000; निवेश गतिविधियों में उपयोग किया गया रोकड़ ₹ 32,000 और वित्तीयन गतिविधियों से रोकड़ अन्तर्वाह ₹ 5,000 था। यदि 1 अप्रैल, 2024 को रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य का आरम्भिक शेष ₹ 25,000 था, तब 31 मार्च, 2025 को रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य का अंतिम शेष होगा : *1*

(A) ₹ 90,000 (B) ₹ 6,000

(C) ₹ 26,000 (D) ₹ 70,000

अथवा

(ख) पीक्यूआर लिमिटेड की पुस्तकों से निम्नलिखित सूचना प्राप्त की गई :

31 मार्च, 2024 को लाभ-हानि खाता शेष : ₹ 30,000 (डेबिट)

31 मार्च, 2025 को लाभ-हानि खाता शेष : ₹ 56,000 (क्रेडिट)

वर्ष के दौरान अन्तरिम लाभांश भुगतान : ₹ 36,000

31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ होगा : *1*

(A) ₹ 86,000 (B) ₹ 62,000

(C) ₹ 1,22,000 (D) ₹ 50,000

